दिनांक 28 अप्रैल 2022 स्वच्छ और सुंदर भिलाई

महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित, निगम क्षेत्र के विकसित खेल मैदानों में आयोजित होंगे समर कैंप, नेहरू नगर के कई क्षेत्रों में सड़कों का होगा नवीनीकरण, उद्यानों के माध्यम से लोगों को मिलेगा रोजगार

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त प्रकाश सर्वे तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में महापौर परिषद की बैठक आज एमआईसी कक्ष में संपन्न हुई। शहर के हित में महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण फैसले परिषद ने बैठक में लिए गए। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी , एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, मन्नान गफ्फार खान, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, आदित्य सिंह, रीता सिंह गेरा एवं नेहा साहू मौजूद रहे। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों का नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। खस्ताहाल सड़कों से लोगों को राहत मिलेगी। केपीएस चौक से सूर्या मॉल चौक एवं सूर्या विहार कॉलोनी तक डामरीकृत किए गए मार्गों का नवीनीकरण किए जाने का प्रस्ताव महापौर परिषद में लाया गया था महापौर परिषद ने इसकी स्वीकृति दे दी है। वार्ड क्रमांक 17 नेहरू भवन रोड में डामरीकरण कार्य के लिए भी मंजूरी एमआईसी ने दी है। वार्ड क्रमांक 7 राधिका नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। 90 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर दशहरा मैदान में उन्नयन का कार्य किया जाएगा इसकी स्वीकृति भी महापौर परिषद ने दी है। मैदान के उन्नयन कार्य से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिल पाएगी , वहीं रहवासियों को भी लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त महापौर परिषद की बैठक में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान दिए जाने के संबंध में , नेहरू नगर अंतर्गत पाइपलाइन लीकेज संधारण के कार्य की अतिरिक्त स्वीकृति , कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने, फुटपाथ निर्माण कार्य, चैनलिंक फेंसिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य, डोम शेड एवं टॉयलेट निर्माण कार्य, मदर्स मार्केट में विद्युतीकरण एयर कूलिंग सिस्टम तथा अन्य विकास कार्य आदि के प्रकरण पर विचार विमर्श किया गया। 80 लाख की लागत से सेक्टर 2 तालाब का होगा सौंदर्यीकरण सेक्टर 2 तालाब में 80 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया गया है, जो कार्य रह गए है उन्हे भी पूरा किया जाएगा। सेक्टर 2 तालाब में छठ पर्व पर भक्तों का ताता लगता है, आस्था के इस पर्व में जन सैलाब उमड़ पड़ता है जिसको देखते हुए इस तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना आवश्यक है। महापौर परिषद ने 80 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य की मंजूरी आज बैठक में दी है। इस राशि से हाई मास्क लाइट, पेवर ब्लॉक, कुंड निर्माण, प्लांटेशन, बोरिंग एवं ब्यूटीफिकेशन के कार्य सहित अन्य काम किए जाएंगे। विकसित खेल मैदानों में समर कैंप का होगा आयोजन नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विकसित खेल मैदानों में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा इसकी स्वीकृति आज महापौर परिषद ने दी है। इसी के साथ ही नई परंपरा की शुरुआत भी होगी। विगत 2 वर्षों से कोविड-19 का संक्रमण होने के कारण खेल गतिविधियों में रुकावटें हुई है। परंतु वर्तमान में संक्रमण नहीं के बराबर है। जिसको देखते हुए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्मित किए गए खेल मैदानों में किया जाएगा। खिलाड़ियों को कोच के माध्यम से खेल अभ्यास कराए जाएंगे। अलग-अलग खेल गतिविधियों के मुताबिक खेल मैदान निगम क्षेत्र में तैयार किए गए हैं जहां एथलेटिक्स , बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, टेनिस टेबल, टेनिस, वॉलीबॉल, योगा, खो खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिमनास्टिक, जैसे खेल समर कैंप में आयोजित होंगे। खिलाड़ी समर कैंप के माध्यम से अपना दमखम मैदान में साबित कर पाएंगे और खेल प्रतिभा को निखारते हुए शहर का नाम राज्य , देश और दुनिया में रोशन करेंगे।

उद्यानों के माध्यम से मिलेगा रोजगार महापौर परिषद की बैठक में आज एक महत्वपूर्ण एजेंडा उद्यानों के रखरखाव के माध्यम से स्वयं के रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदाय करने का रहा। निगम क्षेत्र में निवासरत आम नागरिक , महिला स्व सहायता समूह, फूल विक्रेताओं, शासकीय और अशासकीय संस्थाओं को उद्यानों के रखरखाव के माध्यम से रोजगार देने के लिए रुचि के व्यक्ति आमंत्रित करने का प्रस्ताव पर महापौर परिषद ने मंजूरी दी है। इस प्रावधान के तहत गुमटी लगाकर स्व सहायता समूह की महिलाएं आय अर्जित कर सकती हैं और रोजगार प्राप्त कर सकती हैं, इसके बदले उद्यान को मेंटेन रखने का काम करना होगा। इसके लिए विस्तार से नियम शर्तें तैयार की गई है जिसके तहत रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाएगी और लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा।